# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उद्घाटन अगले माह

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

## तैयारी

- लखनऊ-गाजीपुर के बीच लाखों सड़क यात्रियों को फायदा होगा
- करीब 95 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा, बचा जल्द पूरा होगा

यूपी सरकार के महत्वाकांक्षी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का 95 फीसदी काम पूरा हो गया है। प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 15 अगस्त को एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन कर सकते हैं।

इससे लखनऊ-गाजीपुर के बीच लाखों सड़क यात्रियों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री सात लाख पौधे लगाकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को ग्रीन कॉरिडोर बनाना चाहते हैं। जीरो एक्सीटेंड जोन के तहत एक्सप्रेस-वे में सड़क सुरक्षा के इतंजाम किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने बृहस्पतिवार को वेबिनार के जरिए पत्रकार वार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि छह लेन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे (341 किमी) का थोड़ा हिस्सा बचा है। जिसे कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का 84 फीसदी भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है। 62 हजार किसानों को पांच हजार करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया जा चुका है। गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण पर 36,387 करोड़ से अधिक निवेश किया जाएगा।